C.S (P) 09

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**T.B.C. : P-DTQ-J-TPD**

**TEST BOOKLET SERIES**

**A**

**Serial** 12829

# TEST BOOKLET
# SOCIOLOGY

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 300***

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES *NOT* HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. ENCODE CLEARLY THE TEST BOOKLET SERIES **A, B, C** OR **D** AS THE CASE MAY BE IN THE APPROPRIATE PLACE IN THE ANSWER SHEET.
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet.*** You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**

    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.

    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third (0·33)** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

*ध्यान दें :* अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

1. Which one of the following statements is ***not*** correct ?

(a) Peasants are considered to cling to tradition.

(b) Farmer's attitude towards agriculture tends to be profit oriented while peasant's view land from a cultural perspective.

(c) Farmers generally work on their own land while peasants always lease-in land from others.

(d) Farmers work with hired labour while peasants work with family labour.

2. Consider the following statements :

1. According to some early social theorists such as Herbert Spencer, social evolution is a process through which societies develop in predictable ways that generally reflect progress towards 'higher' or more nearly perfect forms of social life.

2. Oswald Spengler and Arnold J. Toynbee argued that societies change according to cycles of rise, decline, and fall just as individual people are born, mature, grow old, and die.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

3. A social institution is

(a) an established procedure that regulates human behaviour

(b) a place where social functions are organized

(c) an organization where social positions are determined

(d) an organization that administers social service

4. Which one of the following is ***not*** a social institution ?

(a) Kinship

(b) School

(c) Education

(d) Prison

5. Who, among the following, has emphasized the positive functions of conflict in society ?

(a) Georg Simmel

(b) Karl Marx

(c) Max Weber

(d) Noam Chomsky

6. Which one of the following is a correct sequence of cultural change according to P.A. Sorokin ?

(a) Ideational – Sensate – Idealistic

(b) Idealistic – Ideational – Sensate

(c) Sensate – Idealistic – Ideational

(d) Sensate – Ideational – Idealistic

7. Which one of the following is an attribute of culture ?

(a) Culture is divinely gifted

(b) Culture is socially constructed

(c) Culture is genetically inherited

(d) Culture is environmentally manipulated

8. Mass culture generally refers to

(a) the symbolic products of a group

(b) artistic and literary creations

(c) the cultural traits of a society

(d) commercial products of little or no aesthetic value

1. निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) माना जाता है कि किसान (पीजैंट) परम्परा में निष्ठा रखते हैं ।

(b) कृषक (फारमर) की कृषि के बारे में अभिवृत्ति लाभोन्मुखी होती है जबकि किसान (पीजैंट) भूमि को सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य से देखते हैं ।

(c) कृषक (फारमर) सामान्यतः अपनी स्वयं की भूमि पर काम करते हैं जबकि किसान (पीजैंट) सदैव दूसरों से भूमि को पट्टे पर लेते हैं ।

(d) कृषक (फारमर) भाड़े के मजदूरों के साथ काम करते हैं जबकि किसान (पीजैंट) पारिवारिक मजदूरों के साथ काम करते हैं ।

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कुछ प्रारंभिक सामाजिक सिद्धान्तकारों, जैसे कि हर्बर्ट स्पैंसर के अनुसार, सामाजिक विकास (इवोल्यूशन) एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा समाज पूर्वानुमेय तरीकों से विकास (डवलपमैंट) करते हैं जो सामाजिक जीवन की 'उच्चतर' या अधिक लगभग पूर्ण सामाजिक रूपों की ओर प्रगति को प्रतिबिम्बित करते हैं ।

2. ऑस्वाल्ड स्पैन्गलर एवं आरनॉल्ड जे. टॉयनबी का तर्क है कि समाजों में चढ़ाव, उतार और पतन के चक्रों के अनुसार परिवर्तन होता है, जैसे व्यक्ति जन्म लेते हैं, प्रौढ़ होते हैं, वृद्ध होते हैं और मरते हैं ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

3. सामाजिक संस्था क्या है ?

(a) एक स्थापित कार्यविधि, जो मानव व्यवहार का विनियमन करती है

(b) एक स्थान, जहाँ सामाजिक समारोहों का आयोजन होता है

(c) एक संगठन, जहाँ सामाजिक स्थितियाँ निर्धारित होती हैं

(d) एक संगठन जो समाज सेवा प्रदान करता है

4. निम्नलिखित में से कौनसी एक सामाजिक संस्था ***नहीं*** है ?

(a) नातेदारी

(b) विद्यालय

(c) शिक्षा

(d) बंदीगृह

5. समाज में संघर्ष के सकारात्मक प्रकार्यों पर निम्नलिखित में से किसने बल दिया है ?

(a) जॉर्ज सिमेल

(b) कार्ल मार्क्स

(c) मैक्स वेबर

(d) नोआम चोम्सकी

6. पी.ए. सोरोकिन के अनुसार सांस्कृतिक परिवर्तन का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौनसा है ?

(a) चिंतनात्मक – संवेदनात्मक – आदर्शात्मक

(b) आदर्शात्मक – चिंतनात्मक – संवेदनात्मक

(c) संवेदनात्मक – आदर्शात्मक – चिंतनात्मक

(d) संवेदनात्मक – चिंतनात्मक – आदर्शात्मक

7. निम्नलिखित में से कौनसी एक संस्कृति की विशेषता है ?

(a) संस्कृति दैवीय उपहार है

(b) संस्कृति समाज के द्वारा निर्मित है

(c) संस्कृति आनुवंशिक विरासत है

(d) संस्कृति पर्यावरण का हेर-फेर है

8. जन संस्कृति सामान्यतया किसे निर्दिष्ट करती है ?

(a) समूह के प्रतीकात्मक उत्पादों को

(b) कलात्मक एवं साहित्यिक रचनाओं को

(c) समाज के सांस्कृतिक विशेषकों को

(d) न्यून सौंदर्य मूल्य अथवा बिना सौंदर्य मूल्य वाले वाणिज्यिक उत्पादों को

9. Which one of the following is meant by cultural relativism ?

(a) There are universal cultural norms that we must follow.

(b) One's view of social institutions is coloured by his cultural perspective.

(c) The function and meaning of a trait are relative to its cultural settings.

(d) One believes that one's own culture is relatively superior to that of others.

10. Which one of the following statements correctly defines 'Ethnocentrism' ?

(a) Judging other cultures with the help of cultural 'Ideal Type'

(b) Judging other species by comparing them with human species

(c) Looking at other cultures with a sense of inferiority

(d) Judging other cultures by comparison with one's own

11. Who, among the following sociologists, popularized the term 'primary group' ?

(a) Erving Goffman

(b) C.H. Cooley

(c) David Harvey

(d) G.H. Mead

12. Consider the following statements :

Reference group theory has generally been used by scholars to understand the process of

1. social mobility among individuals and groups.

2. competition and conflict among individuals and groups.

3. social interaction and symbolic unity.

4. formation of human agency.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 4 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2, 3 and 4

13. According to Emile Durkheim, 'human agency' is constrained by

(a) political process

(b) social structure

(c) economic resources

(d) agency of other actors

14. Consider the following statements with regard to the National Population Policy, 2000 :

1. Decentralised planning and programme implementation.

2. Convergence of service delivery at village levels.

3. Empowering women for improved health and nutrition.

Which of the above are the strategic themes which must be simultaneously pursued in "stand alone" or inter-sectoral programmes in order to achieve the national socio-demographic goals for 2010 ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1, 2 and 3

(d) 1 and 3 only

15. Who, among the following, classified religious rites/rituals into positive, negative and piacular ?

(a) B. Malinowski

(b) A.R. Radcliffe-Brown

(c) M. Weber

(d) E. Durkheim

16. Which one of the following theories adopts the model of the organism to understand the social system ?

(a) Conflict theory

(b) Functionalist theory

(c) Mode of production theory

(d) Behavioural theory

9. सांस्कृतिक सापेक्षवाद से निम्नलिखित में से क्या आशय है ?

(a) सार्वभौम सांस्कृतिक प्रतिमान हैं, जिनका अनुसरण हमें अवश्य करना चाहिए ।

(b) सामाजिक संस्थाओं के प्रति किसी के विचार उसके सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य से अतिरंजित होते हैं ।

(c) किसी विशेषक का प्रकार्य एवं अर्थ उसके सांस्कृतिक विन्यासों के सापेक्ष होता है ।

(d) किसी का यह विश्वास कि उसकी संस्कृति दूसरों की अपेक्षा श्रेष्ठ है ।

10. 'नृजातिकेन्द्रवाद' को निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही रूप में परिभाषित करता है ?

(a) सांस्कृतिक 'आदर्श प्ररूप' की सहायता से अन्य संस्कृतियों को आँकना

(b) दूसरी जाति (स्पीशीज) को मानव जाति से तुलना करके आँकना

(c) अन्य संस्कृतियों को हीनभाव से देखना

(d) अपनी संस्कृति से तुलना करके अन्य संस्कृतियों को आँकना

11. निम्नलिखित में से किस समाजशास्त्री ने 'प्राथमिक समूह' पद को प्रचलित किया ?

(a) इरविंग गॉफमैन

(b) सी.एच. कूले

(c) डेविड हार्वे

(d) जी.एच. मीड

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

संदर्भ समूह सिद्धान्त का सामान्यतः प्रयोग विद्वानों द्वारा

1. व्यक्तियों एवं समूहों की सामाजिक गतिशीलता की प्रक्रिया को समझने के लिए किया गया है ।
2. व्यक्तियों एवं समूहों में प्रतिस्पर्द्धा एवं संघर्ष की प्रक्रिया को समझने के लिए किया गया है ।
3. सामाजिक अन्तःक्रिया एवं प्रतीकात्मक एकल की प्रक्रिया को समझने के लिए किया गया है ।
4. मानव अभिकरण की रचना की प्रक्रिया को समझने के लिए किया गया है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 4

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2, 3 और 4

13. एमिल दुर्खीम के अनुसार 'मानव अभिकरण' किसके द्वारा निरुद्ध होता है ?

(a) राजनीतिक प्रक्रिया

(b) सामाजिक संरचना

(c) आर्थिक संसाधन

(d) दूसरे कर्ताओं के अभिकरण

14. राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विकेंद्रित योजना एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन ।
2. ग्राम स्तरों तक सेवा सुपुर्दगी का अभिसरण ।
3. उन्नत स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए महिला सशक्तीकरण ।

2010 के लिए राष्ट्रीय सामाजिक-जनांकिकीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए उपर्युक्त में से कौनसी निर्णायक विषय वस्तु(एँ) है/हैं, जिसका/जिनका "एकल स्थित" (स्टैंड अलोन) या अंतर-क्षेत्रक कार्यक्रमों में साथ-साथ अनुगमन किया ही जाना चाहिए ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

15. निम्नलिखित में से किसने धार्मिक कृत्यों/अनुष्ठानों को सकारात्मक, नकारात्मक एवं पापपूर्ण के रूप में वर्गीकृत किया है ?

(a) बी. मालिनोवस्की

(b) ए.आर. रैडक्लिफ-ब्राउन

(c) एम. वेबर

(d) ई. दुर्खीम

16. निम्नलिखित में से कौनसा सिद्धान्त सामाजिक व्यवस्था को समझने हेतु सावयव प्रतिरूप को अपनाता है ?

(a) संघर्ष सिद्धान्त

(b) प्रकार्यवादी सिद्धान्त

(c) उत्पादन रीति सिद्धान्त

(d) व्यवहारवादी सिद्धान्त

17. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Scholar) | List II (Concept) |
|---|---|
| A. Charles Cooley | 1. Circulation of elites |
| B. Sigmund Freud | 2. Charisma |
| C. Vilfredo Pareto | 3. The 'I' and the 'Me' |
| D. George H. Mead | 4. Looking-glass self |
| | 5. Ego & Super-ego |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 5 | 2 | 4 |
| (b) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 5 |
| (d) | 4 | 5 | 1 | 3 |

18. Gandhian Satyagraha can be considered as an example of which one of the following Weber's type of social action ?

(a) Instrumental-rational action

(b) Affective action

(c) Value-rational action

(d) Value-neutral action

19. Which one of the following sociologists developed the theory that within the social system roles become institutionalized clusters of normative rights and obligations ?

(a) E. Durkheim

(b) R. Merton

(c) K. Davis

(d) R. Linton

20. A status-set refers to which of the following ?

1. The set of positions an individual occupies in a given network of social relations.
2. The set of distinctions an individual earns in his/her life.
3. A set of privileges an officer enjoys in bureaucracy.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

21. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Explanation) | List II (Concept) |
|---|---|
| A. Expected behaviour associated with a given status | 1. Role |
| B. Array of roles that goes with a given status | 2. Role conflict |
| C. Demands from two or more roles that do not mesh | 3. Role strain |
| D. Conflicting demands of the same role | 4. Role set |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

17. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (विद्वान)* | | *सूची II (सम्प्रत्यय)* | |
|---|---|---|---|
| A. | चार्ल्स कूले | 1. | अभिजन का परिभ्रमण |
| B. | सिग्मंड फ्रॉयड | 2. | चमत्कार |
| C. | विल्फ्रेडो पैरेटो | 3. | 'मैं' एवं 'मुझे' |
| D. | जॉर्ज एच. मीड | 4. | दर्पणित व्यक्तित्व |
| | | 5. | अहम् एवं पराहम् |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 5 | 2 | 4 |
| (b) | 5 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 5 |
| (d) | 4 | 5 | 1 | 3 |

18. गाँधी के सत्याग्रह को वेबर की निम्नलिखित में से किस एक सामाजिक क्रिया के प्रकार के उदाहरण के रूप में माना जा सकता है ?

(a) नैमित्तिक-तार्किक क्रिया

(b) भावात्मक क्रिया

(c) मूल्य-तार्किक क्रिया

(d) मूल्य-उदासीन क्रिया

19. निम्नलिखित में से किस एक समाजशास्त्री ने यह सिद्धांत विकसित किया कि सामाजिक व्यवस्था में भूमिकाएँ आदर्शक अधिकारों एवं दायित्वों का संस्थागत गुच्छ हो जाती हैं ?

(a) ई. दुर्खीम

(b) आर. मर्टन

(c) के. डेविस

(d) आर. लिंटन

20. प्रस्थिति-समुच्चय निम्नलिखित में से किसे निर्दिष्ट करता है ?

1. सामाजिक सम्बन्धों के किसी निश्चित जालक्रम में व्यक्ति द्वारा अभिगृहीत स्थितियों का समुच्चय ।
2. एक व्यक्ति द्वारा उसके जीवनकाल में अर्जित विशेष योग्यताओं का समुच्चय ।
3. एक अधिकारी द्वारा नौकरशाही में उपभोग किए जाने वाले विशेषाधिकारों का समुच्चय ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

21. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (स्पष्टीकरण)* | | *सूची II (सम्प्रत्यय)* | |
|---|---|---|---|
| A. | किसी निश्चित प्रस्थिति से सम्बद्ध प्रत्याशित व्यवहार | 1. | भूमिका |
| B. | किसी निश्चित प्रस्थिति के अनुरूप भूमिकाओं का विन्यास | 2. | भूमिका द्वंद्व |
| C. | दो या दो से अधिक भूमिकाओं से जुड़ी माँगें जो पाशबद्ध न हों | 3. | व्यक्तिकार्य तनाव (रोल स्ट्रेन) |
| D. | एक ही भूमिका की परस्पर-विरोधी माँगें | 4. | भूमिका विन्यास |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

22. A social norm is

(a) what everyone adheres to

(b) an evaluation of the state of affairs as good or bad

(c) a belief in something as good or desirable

(d) is not adhered to by everyone but guides the actions of individuals in social interactions

23. According to E. Sutherland, which one of the following is referred to as white-collar crime ?

(a) Crimes committed by social elites

(b) Crimes such as bribery and corruption in industry and business

(c) Crimes which go unreported

(d) Crimes committed by habitual offenders

24. Who, among the following sociologists, viewed crime and deviance as playing a positive role in the functional integration of society ?

(a) E. Durkheim

(b) Karl Marx

(c) Auguste Comte

(d) T.H. Marshall

25. Consider the following explanations regarding modernization :

1. In the area of agriculture, modernization is a transformation from subsistence agriculture towards commercial production.

2. In the area of industries, modernization is a transformation from the use of human and animal power towards the use of power driven machines.

Which of the explanations given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

26. Consider the following statements :

1. Law is made, while custom grows in society.

2. Law is specific, custom is not.

3. Both law and custom need a special agency for enforcement.

4. Customs disappear on their own, while laws disappear with deliberate efforts by a recognised authority.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1 and 2 only

(c) 3 and 4 only

(d) 1, 2 and 4 only

27. According to E. Durkheim, law is the visible symbol of society's

(a) division of labour

(b) collective consciousness

(c) mechanical solidarity

(d) religious life

28. Who, among the following, identified sensorimotor, pre-operational, concrete operational and formal operational as stages in the process of socialization ?

(a) Jean Piaget

(b) Erving Goffman

(c) Charles Cooley

(d) G.H. Mead

29. Recognition of the cultural rights of immigrants in some of the West European countries is a good example of

(a) assimilation

(b) isolation

(c) integration

(d) acculturation

**22.** सामाजिक प्रतिमान क्या है ?

(a) सब लोग जिसका पालन करते हैं

(b) यह परिस्थितियों का अच्छे एवं बुरे के रूप में मूल्यांकन है

(c) यह किसी चीज़ के अच्छे या वांछनीय होने के रूप में विश्वास है

(d) यह सभी के द्वारा अनुपालित नहीं किया जाता किन्तु सामाजिक अन्तःक्रियाओं में व्यक्तियों की क्रियाओं को निर्देशित करता है

**23.** ई. सदरलैंड के अनुसार निम्नलिखित में से किसे सफ़ेदपोश अपराध कहा जाता है ?

(a) सामाजिक अभिजनों के द्वारा किए गए अपराध

(b) उद्योग एवं व्यवसाय में घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार जैसे अपराध

(c) ऐसे अपराध जिनकी सूचना नहीं हो पाती

(d) आभ्यासिक अपराधियों द्वारा किए गए अपराध

**24.** निम्नलिखित में से किस समाजशास्त्री ने अपराध एवं विसामान्यता को समाज के प्रकार्यात्मक एकीकरण के लिए सकारात्मक भूमिका अदा करने के रूप में देखा ?

(a) ई. दुर्खीम

(b) कार्ल मार्क्स

(c) ऑगस्त कॉम्टे

(d) टी.एच. मार्शल

**25.** आधुनिकीकरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित व्याख्याओं पर विचार कीजिए :

1. कृषि के क्षेत्र में, आधुनिकीकरण निर्वाह खेती से व्यावसायिक उत्पादन की ओर रूपांतरण है ।
2. उद्योगों के क्षेत्र में, आधुनिकीकरण मानव एवं पशु शक्ति के उपयोग से शक्ति चालित मशीनों की ओर रूपांतरण है ।

उपर्युक्त व्याख्याओं में से कौनसी सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**26.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. विधि बनाई जाती है, जबकि प्रथा समाज से उद्भूत होती है ।
2. विधि विशिष्ट है, जबकि प्रथा नहीं ।
3. विधि एवं प्रथा दोनों के प्रवर्तन हेतु विशिष्ट अभिकरण की आवश्यकता होती है ।
4. प्रथाएँ अपने आप लुप्त हो जाती हैं, जबकि विधि का लोप किसी मान्य सत्ता के सोद्देश्य प्रयासों के आधार पर होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसे सही हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3 और 4

(d) केवल 1, 2 और 4

**27.** ई. दुर्खीम के अनुसार विधि समाज के

(a) श्रम विभाजन का दृश्य प्रतीक है

(b) सामूहिक चेतना का दृश्य प्रतीक है

(c) यांत्रिक एकता का दृश्य प्रतीक है

(d) धार्मिक जीवन का दृश्य प्रतीक है

**28.** निम्नलिखित में से किसने संवेदी प्रेरक, पूर्व-संक्रियात्मक, मूर्त संक्रियात्मक एवं औपचारिक संक्रियात्मक को समाजीकरण प्रक्रिया की अवस्थाओं के रूप में पहचाना ?

(a) ज्याँ पियाज़े

(b) इरविंग गॉफमैन

(c) चार्ल्स कूले

(d) जी.एच. मीड

**29.** कुछ पश्चिम यूरोपीय देशों में आप्रवासियों के सांस्कृतिक अधिकारों को मान्यता देना निम्नलिखित में से किसका अच्छा उदाहरण है ?

(a) आत्मसात्करण

(b) पृथक्करण

(c) एकीकरण

(d) परसंस्कृतिग्रहण

30. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I (Concept) | | List II (Proponent) |
|---|---|---|
| A. Melting pot model of assimilation | 1. | Herbert Hyman |
| B. Cultural lag | 2. | Max Weber |
| C. Rationalization | 3. | Robert Park |
| D. Reference group | 4. | William Ogburn |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

31. Which of the following is/are the example/examples of role conflict ?

1. A football coach whose daughter is a member of the team.
2. A student going to cinema during class time.
3. A judge listening the case of crime against her son.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 1, 2 and 3

32. Which one of the following is the primary factor in reference group behaviour ?

(a) Membership
(b) Out-group
(c) In-group
(d) Relative deprivation

33. In the theory of culture of poverty

(a) structural conditions are identified as causing poverty
(b) exploitation of labour is identified as causing poverty
(c) lack of talents and skills are identified as causing poverty
(d) attitudes, beliefs and behaviour of individuals or groups are identified as causing poverty

34. Relative deprivation is a condition where an individual/a group

(a) has become poorer than before even when he/it is above the poverty line
(b) has fallen below the poverty line due to his/its downward mobility
(c) feels deprived in relation to a group with which he/it compares himself/itself
(d) feels deprived in relation to his/its own aspirations of material life

35. According to E. Durkheim, the nature of modern law is

(a) repressive
(b) restitutive
(c) normative
(d) formal

36. According to E. Wolf, peasant movements have generally been led by

(a) the middle peasantry
(b) the agricultural labourers
(c) share-croppers
(d) big farmers

30. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (सम्प्रत्यय) | | सूची II (प्रतिपादक) | |
|---|---|---|---|
| A. | आत्मसात्करण का मूषा (मेल्टिंग पॉट) मॉडल | 1. | हर्बर्ट हाइमन |
| B. | सांस्कृतिक पश्चता | 2. | मैक्स वेबर |
| C. | युक्तीकरण | 3. | रॉबर्ट पार्क |
| D. | संदर्भ समूह | 4. | विलियम ऑगबर्न |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

31. निम्नलिखित में से भूमिका द्वंद्व का/के कौन सा/से उदाहरण है/हैं ?

1. एक फुटबाल प्रशिक्षक जिसकी पुत्री दल की एक सदस्या है ।
2. कक्षा के समय पर सिनेमा जाने वाला एक विद्यार्थी ।
3. अपने पुत्र के विरुद्ध अपराध के वाद की सुनवाई करने वाली न्यायाधीश ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

32. सन्दर्भ समूह व्यवहार में निम्नलिखित में से कौनसा एक प्राथमिक कारक है ?

(a) सदस्यता

(b) बाह्य समूह

(c) अन्तः समूह

(d) सापेक्ष वंचन

33. निर्धनता की संस्कृति के सिद्धान्त में

(a) संरचनात्मक दशाओं को निर्धनता के कारक के रूप में पहचाना गया है

(b) श्रम के शोषण को निर्धनता के कारक के रूप में पहचाना गया है

(c) प्रतिभा एवं कौशल के अभाव को निर्धनता के कारक के रूप में पहचाना गया है

(d) व्यक्तियों अथवा समूहों की अभिवृत्तियों, विश्वासों और व्यवहार को निर्धनता के कारक के रूप में पहचाना गया है

34. सापेक्ष वंचन एक दशा है जिसमें व्यक्ति/समूह

(a) निर्धनता रेखा से ऊपर होते हुए भी पहले की अपेक्षा निर्धन हो गया है

(b) अपनी अधोमुखी गतिशीलता के कारण निर्धनता रेखा से नीचे आ गया है

(c) किसी समूह से अपनी तुलना करने पर वंचित महसूस करता है

(d) भौतिक जीवन की अपनी आकांक्षाओं के सम्बन्ध में वंचित महसूस करता है

35. ई. दुर्खीम के अनुसार, आधुनिक विधि की प्रकृति क्या है ?

(a) दमनकारी

(b) क्षतिपूरक

(c) आदर्शात्मक

(d) औपचारिक

36. ई. वूल्फ के अनुसार, किसान (पीजेंट) आंदोलनों की अगुआई सामान्यतः किसने की ?

(a) मध्य किसान वर्ग (पीजैंट्री)

(b) कृषि श्रमिक

(c) बटाईदार

(d) बड़े कृषक (फारमर)

37. In Marxian social thought, change from capitalism to socialism will come through

(a) working-class revolution

(b) revolution in the means of production

(c) rationalization of the production process

(d) disappearance of the middle-class

38. Which one of the following theoretical models of urban growth does the following statement refer to ?

Commercial activities are concentrated in a central urban core, around which rings develop devoted to different activities.

(a) Homer Hoyt's sector model

(b) Ernest Burgess's concentric-zone model

(c) Chauncy Harris and Edward Ullman's multiple-nuclei model

(d) Louis Wirth's organization of space model

39. The essence of secondary group is its

(a) consciousness of kind

(b) degree of performance

(c) face-to-face relationship

(d) impersonality of relationship

40. Consider the following statements :

On the basis of the recent studies on the families in India, it can be argued that changes in the family have taken the direction of

1. making all families small and nucleated.

2. increasing filial dependence of sons on fathers and reducing the scope of the conjugal relationships.

3. weakening family norms and increasing trends towards neolocal residence.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 2 only

(d) 3 only

41. In Radcliffe-Brown's terms, the relationship between a man and his mother's brother in a patrilineal society is one of

(a) filiation

(b) complementary filiation

(c) supplementary filiation

(d) fictional filiation

42. Environmental problems and the growth of environmental knowledge do ***not*** reject

(a) the dominant social paradigm or dominant Western worldview

(b) material gains of industrial societies

(c) post-Fordist or risk-society institutions of the late twentieth century

(d) quality of life oriented values

43. The term 'Phratry' refers to which one of the following ?

(a) Grouping of nuclear families in a common household

(b) Followers of a religious sect

(c) A close knit community

(d) Clustering of several clans into exogamous units

44. According to E.O. Wright, which one of the following is ***not*** included among the three dimensions of control in modern capitalist production ?

(a) Investments or money capital

(b) The physical means of production like land or factories and offices

(c) Labour power

(d) Political power

37. मार्क्स की सामाजिक विचारधारा के अनुसार पूँजीवाद से समाजवाद में परिवर्तन निम्नलिखित में से किसके द्वारा आएगा ?

(a) श्रमिक-वर्ग क्रांति
(b) उत्पादन के साधनों में क्रांति
(c) उत्पादन प्रक्रिया का युक्तीकरण
(d) मध्य-वर्ग का लुप्त होना

38. नगरीय वृद्धि के निम्नलिखित सैद्धांतिक प्रतिरूपों में से कौनसे एक को निम्नलिखित कथन निर्दिष्ट करता है ?

व्यावसायिक गतिविधियाँ केंद्रीय नगरीय मूल में केंद्रित होती हैं, जिनके चारों ओर अलग-अलग गतिविधियों के वलय विकसित होते हैं ।

(a) होमर होयत का क्षेत्रक प्रतिरूप
(b) अर्नेस्ट बर्जेस का संकेंद्री-क्षेत्र प्रतिरूप
(c) चौंसी हैरिस और एडवर्ड उलमान का बहु-केंद्रक प्रतिरूप
(d) लुइस विर्थ का स्थान का संगठन प्रतिरूप

39. द्वितीयक समूह का सार

(a) उसके प्रकार की चेतना है
(b) उसके निष्पादन का अंश है
(c) उसका आमने-सामने का सम्बन्ध है
(d) उसके सम्बन्ध की निर्वैयक्तिकता है

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

भारत में परिवारों के हाल के अध्ययनों के आधार पर यह तर्क दिया जा सकता है कि परिवार में परिवर्तनों की दिशा

1. सभी परिवारों को लघु एवं आकेंद्रित बनाने की ओर है ।
2. पुत्रों की पिताओं पर संतानीय निर्भरता में वृद्धि एवं दांपत्य सम्बन्धों का क्षेत्र कम करने की ओर है ।
3. पारिवारिक प्रतिमानों को कमजोर करने तथा नव स्थानीय आवास की बढ़ती प्रवृत्तियों की ओर है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 3

41. रेडक्लिफ-ब्राउन के शब्दों में, पितृवंशीय समाज के अन्तर्गत एक व्यक्ति एवं उसकी माँ के भाई के बीच सम्बन्ध

(a) वंशानुक्रम का सम्बन्ध है
(b) पूरक वंशानुक्रम का सम्बन्ध है
(c) अनुपूरक वंशानुक्रम का सम्बन्ध है
(d) कल्पित वंशानुक्रम का सम्बन्ध है

42. पर्यावरण की समस्याओं और पर्यावरण सम्बन्धित ज्ञान में वृद्धि किस बात को अस्वीकार ***नहीं*** करती ?

(a) प्रभावी सामाजिक रूपावली या प्रभावी पश्चिमी विश्व-दृष्टि
(b) औद्योगिक समाजों की भौतिक उपलब्धियाँ
(c) बीसवीं शताब्दी के अन्त में फोर्ड-उत्तरवर्ती या जोख़िम-समाज संस्थाएँ
(d) जीवनाभिमुखी मूल्यों की गुणता

43. 'फ्रेटरी' शब्द निम्नलिखित में से किसे निर्दिष्ट करता है ?

(a) साझे आवास में मूल परिवारों का समूहन
(b) किसी धार्मिक सम्प्रदाय के अनुयायी
(c) सम्बद्ध समुदाय
(d) बहिर्विवाही इकाइयों में विविध गोत्रों का समूहन

44. ई.ओ. राईट के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसा एक, आधुनिक पूँजीवादी उत्पादन में नियंत्रण की तीन विमाओं में शामिल ***नहीं*** है ?

(a) निवेश या मुद्रा पूँजी
(b) उत्पादन के भौतिक साधन, जैसे कि भूमि या कारखाने और कार्यालय
(c) श्रम शक्ति
(d) राजनीतिक शक्ति

45. Consider the following statements :

1. Relationships within patrilineage or matrilineage groups are established and maintained through descent links traced through either or both parents.
2. Affinal kins are related by marriage.
3. The term 'avuncular' refers to prominent position of mother's brother.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

46. In bilineal descent

(a) men transmit to sons, while daughters inherit from their mothers
(b) men transmit to daughters and women to their sons
(c) descent is traced in father's and mother's line, each for different attributes or types of property
(d) membership is acquired through father or mother and attributes are transmitted equally through both parents

47. According to Goody, diverging devolution means

(a) children of each sex receive very different quantities as inheritance
(b) only the male child inherits
(c) children of both sexes inherit, women receiving their portion at marriage as dowry
(d) only the oldest male and youngest female child inherit

48. The theory of social stratification offered by K. Davis and W. Moore is known as

(a) Multi-dimensional theory
(b) Conflict theory
(c) Functional theory
(d) Structuralist theory

49. Which one of the following theory/model states that the system of rewards leads to a system of stratification ?

(a) Conflict theory
(b) Functional theory
(c) Weberian model
(d) Roles-status model

50. Which one of the following statements is correct ?

(a) The theory of stratification in the form of 'class', 'status' and 'party' was given by M. Weber.
(b) K. Marx advocated that super ordinate authority in a society is to control the subordinates by issuing orders, putting demands, giving warnings and imposing prohibition.
(c) R. Dahrendorf holds the view that stratification exists in each and every human society of the world and also it is a functional necessity.
(d) R. Merton was the forerunner in propounding the conflict perspective for explaining social stratification.

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पैतृकवंश या मातृवंश समूहों में सम्बन्ध एक या दोनों जनकों से अनुरेखित वंशानुक्रम कड़ियों से स्थापित होते हैं एवं निभाए जाते हैं ।
2. वैवाहिक नातेदार विवाह के द्वारा सम्बन्धित होते हैं ।
3. 'मातुल सम्बन्ध' शब्द मामा की महत्त्वपूर्ण स्थिति को निर्दिष्ट करता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

46. उभयपक्षीय वंशानुक्रम में

(a) पुरुष पुत्रों को विरासत प्रदान करते हैं जबकि पुत्रियाँ अपनी माताओं से विरासत प्राप्त करती हैं
(b) पुरुष पुत्रियों को विरासत प्रदान करते हैं और महिलाएँ अपने पुत्रों को विरासत प्रदान करती हैं
(c) विभिन्न विशेषताओं अथवा संपत्ति के प्रकारों के लिए पिता एवं माता प्रत्येक के वंश में वंशानुक्रम का अनुरेखण किया जाता है
(d) पिता अथवा माता से सदस्यता ग्रहण की जाती है तथा दोनों जनकों से विशेषताओं का समान रूप से संचारण होता है

47. गुडी के अनुसार, अपसारी अवक्रमण का क्या आशय है ?

(a) प्रत्येक लिंग के शिशु विरासत के रूप में बहुत भिन्न-भिन्न परिमाण प्राप्त करते हैं
(b) केवल नर शिशु विरासत प्राप्त करता है
(c) दोनों लिंग के शिशु विरासत प्राप्त करते हैं, महिलाओं को विवाह के अवसर पर दहेज के रूप में अपना हिस्सा प्राप्त होता है
(d) केवल सबसे ज्येष्ठ पुत्र एवं सबसे छोटी पुत्री को विरासत प्राप्त होता है

48. के. डेविस एवं डब्ल्यू. मूर के द्वारा प्रस्तावित सामाजिक स्तरीकरण के सिद्धान्त को क्या कहा जाता है ?

(a) बहु-आयामी सिद्धान्त
(b) संघर्ष सिद्धान्त
(c) प्रकार्यात्मक सिद्धान्त
(d) संरचनात्मकतावादी सिद्धान्त

49. निम्नलिखित में से कौनसा सिद्धान्त/प्रतिरूप यह बताता है कि पुरस्कार प्रणाली स्तरीकरण प्रणाली की ओर ले जाती है ?

(a) संघर्ष सिद्धान्त
(b) प्रकार्यात्मक सिद्धान्त
(c) वेबर का प्रतिरूप (मॉडल)
(d) भूमिका-प्रस्थिति प्रतिरूप

50. निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही है ?

(a) 'वर्ग', 'प्रस्थिति' एवं 'दल' के रूप में स्तरीकरण के सिद्धान्त का प्रतिपादन एम. वेबर के द्वारा किया गया ।
(b) के. मार्क्स ने यह तर्क दिया कि समाज में उच्चकोटिक सत्ता आदेश जारी करने, माँग रखने, चेतावनी देने एवं निषेध लागू करने के माध्यम से अधीनस्थों पर नियंत्रण करती है ।
(c) आर. डहरेनडॉर्फ का विचार है कि विश्व के प्रत्येक मानव समाज में स्तरीकरण विद्यमान है तथा यह एक कार्यपरक आवश्यकता भी है ।
(d) सामाजिक स्तरीकरण के विश्लेषण में संघर्षवादी परिप्रेक्ष्य का प्रतिपादन करने में आर. मर्टन अग्रणी थे ।

51. Which one of the following correctly defines the term kinship ?

(a) A socially acknowledged and approved sexual union between two individuals

(b) A socially recognized connection between individuals established either through marriage or through blood relatives

(c) A group of persons directly linked by kin connections, the adult members of which assume responsibility for caring the children

(d) A group of people who claim a genealogical connection of descent through male or female line

52. Consider the following statements :

1. Social stratification is ubiquitous.
2. Caste and class are examples of social stratification.
3. Sanskritization takes place outside the framework of caste system.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 3 only

(b) 2 only

(c) 1 and 2 only

(d) 1, 2 and 3

53. Which of the following is ***not*** an aspect of social structure ?

(a) Language

(b) Norms

(c) Roles and statuses

(d) Institutions

54. Which one of the following is correct with regard to the difference between a proletariat and a slave ?

(a) Proletariat is a free wage labourer while slave is not

(b) Proletariat is urban while slave is rural

(c) Proletariat owns some land while slave does not

(d) There is no difference between the two

55. Louis Dumont conceptualized caste in terms of

(a) social differentiation and untouchability

(b) class and unequal power relations

(c) dialectical opposition of 'pure' and 'impure'

(d) functional unity and differentiation

56. Which of the following is ***not*** the characteristic of the Jajmani system ?

(a) Reciprocal relationship

(b) Hereditary

(c) Goods against services

(d) The range of activity of different *Kamin* is uniform

57. Consider the following statements regarding Sanskritization :

1. It involves a change in the way of life of a lower caste.
2. It does not lead to a structural change in the system.
3. Even though limited in nature it leads to a more egalitarian social order.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

58. Which one of the following is ***not*** a basic feature of the tribal society ?

(a) Distinct language

(b) Distinct territory

(c) Social differentiation

(d) Segmentary

59. Which one of the following is ***not*** included in the Power Elite by C. Wright Mills ?

(a) Political elite

(b) Cultural elite

(c) Military elite

(d) Business elite

51. निम्नलिखित में से कौनसा एक नातेदारी शब्द को सही परिभाषित करता है ?

(a) दो व्यक्तियों के बीच में सामाजिक रूप से अभिस्वीकृत एवं अनुमोदित मैथुन

(b) या तो विवाह के माध्यम से या रक्त सम्बन्धियों के माध्यम से स्थापित व्यक्तियों के बीच सामाजिक रूप से अभिस्वीकृत सम्बन्ध

(c) व्यक्तियों का नातेदारी सम्बन्धों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा समूह, जिसमें प्रौढ़ सदस्य बच्चों की देख-रेख की जिम्मेदारी उठाते हैं

(d) उन लोगों का समूह जो पुरुष या स्त्री वंश से वंशावली संबंधन का दावा करते हैं

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सामाजिक स्तरीकरण सर्वव्यापी है ।
2. जाति एवं वर्ग सामाजिक स्तरीकरण के उदाहरण हैं ।
3. संस्कृतिकरण जाति व्यवस्था के ढाँचे के बाहर होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2

(c) केवल 1 और 2

(d) 1, 2 और 3

53. निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक संरचना का पहलू *नहीं* है ?

(a) भाषा

(b) प्रतिमान

(c) भूमिकाएँ एवं प्रस्थितियाँ

(d) संस्थाएँ

54. सर्वहारा एवं गुलाम के बीच अंतर के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा एक सही है ?

(a) सर्वहारा मजदूरी पाने वाला स्वतंत्र श्रमिक है, जबकि गुलाम नहीं है

(b) सर्वहारा नगरीय है जबकि गुलाम ग्रामीण है

(c) सर्वहारा के पास थोड़ा भूस्वामित्व होता है जबकि गुलाम के पास नहीं होता

(d) दोनों में कोई अन्तर नहीं है

55. लूई ड्यूमाँ ने जाति (कास्ट) को निम्नलिखित में से किस आधार पर संप्रत्ययीकृत किया ?

(a) सामाजिक विभेदीकरण एवं अस्पृश्यता

(b) वर्ग एवं असमान शक्ति सम्बन्ध

(c) 'पवित्र' एवं 'अपवित्र' का द्वन्द्वात्मक विरोध

(d) कार्यपरक एकता एवं विभेदीकरण

56. निम्नलिखित में से कौनसी, जजमानी व्यवस्था की विशेषता *नहीं* है ?

(a) पारस्परिक सम्बन्ध

(b) वंशागत

(c) सेवाओं के बदले वस्तुएँ

(d) भिन्न-भिन्न *कामिन* की क्रियाओं का परास समरूप है

57. संस्कृतिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसमें निम्न जाति की जीवन-शैली में परिवर्तन होता है ।
2. यह व्यवस्था में संरचनात्मक परिवर्तन नहीं लाती ।
3. सीमित स्वरूप का होने के बावजूद यह अपेक्षाकृत अधिक समतावादी सामाजिक व्यवस्था की ओर ले जाती है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

58. निम्नलिखित में से कौनसी एक, जनजातीय समाज की आधारभूत विशेषता *नहीं* है ?

(a) अलग भाषा

(b) अलग भूभाग

(c) सामाजिक विभेदीकरण

(d) खंडीय

59. निम्नलिखित में से किस एक को सी. राईट मिल्ज़ ने *पॉवर इलीट* में सम्मिलित *नहीं* किया ?

(a) राजनीतिक संभ्रांत व्यक्ति

(b) सांस्कृतिक संभ्रांत व्यक्ति

(c) सैनिक संभ्रांत व्यक्ति

(d) व्यावसायिक संभ्रांत व्यक्ति

60. Which of the following are inalienable parts of political modernization ?

1. Freedom of expression
2. Political pressure
3. Preventive law
4. Sacrosanct and wrong

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 3 and 4 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 2, 3 and 4

61. Consider the following statements :

Tribal systems are usually categorized by their

1. economic systems.
2. kinship systems.
3. educational systems.
4. modes of social change.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 2, 3 and 4
(b) 1 and 2 only
(c) 3 and 4 only
(d) 2 only

62. Which one of the following pairs is *not* correctly matched ?

(a) Morgan : Iroquois tribe
(b) Franz Boas : Eskimos
(c) A.C. Haddon : Torres Strait
(d) W.H.R. Rivers : Melanesia

63. Which one of the following is *not* a feature of peasant societies ?

(a) Use of family members as labourers
(b) Complete isolation
(c) Family as a unit of production as well as consumption
(d) Agriculture as a way of life

64. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| List I | List II |
|---|---|
| A. Gemeinschaft and Gesellschaft | 1. L.T. Hobhouse |
| B. Status and Contract | 2. H. Spencer |
| C. Militant and Industrial | 3. F. Tonnies |
| D. Kinship, Authority and Citizenship | 4. H. Maine |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

65. R. Dahrendorf argued that post-industrial societies are divided on the lines of

(a) class
(b) the exercise of authority
(c) ownership of means of production
(d) democratic participative models

66. Embourgeoisiement is

(a) failure of mobility of working class
(b) automation of industry
(c) reformulation of bourgeois identity
(d) process of creating bourgeois aspirations, style of living among the working class

60. निम्नलिखित में से कौनसे, राजनीतिक आधुनिकीकरण के अवियोज्य अंग हैं ?

1. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता
2. राजनीतिक दबाव
3. निवारक विधि
4. अलंघनीय एवं अनुचित

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3 और 4
(c) 1, 2 और 3
(d) 2, 3 और 4

61. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

जनजातीय व्यवस्थाओं को सामान्यतः

1. उनकी आर्थिक व्यवस्थाओं के आधार पर संवर्गीकृत किया जाता है ।
2. उनकी नातेदारी व्यवस्थाओं के आधार पर संवर्गीकृत किया जाता है ।
3. उनकी शैक्षणिक व्यवस्थाओं के आधार पर संवर्गीकृत किया जाता है ।
4. उनके सामाजिक परिवर्तन के रूपों के आधार पर संवर्गीकृत किया जाता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 3 और 4
(d) केवल 2

62. निम्नलिखित में से कौनसा एक युग्म सही सुमेलित *नहीं* है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | मॉर्गन | : | इरोक्वा (Iroquois) जनजाति |
| (b) | फ्रैंज़ बोआस | : | एस्किमो |
| (c) | ए.सी. हैडन | : | टोरेस स्ट्रेट |
| (d) | डब्ल्यू.एच.आर. रिवर्ज़ | : | मेलानेसिया |

63. निम्नलिखित में से कौनसी एक किसान (पीज़ेंट) समाजों की विशेषता *नहीं* है ?

(a) परिवार के सदस्यों का श्रमिकों जैसा इस्तेमाल
(b) पूर्ण पृथक्करण
(c) उत्पादन एवं उपभोग की इकाई के रूप में परिवार
(d) कृषि एक जीवन-शैली के रूप में

64. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I* | | *सूची II* | |
|---|---|---|---|
| A. | गेमिनशाफ्ट एवं गैसेलशाफ्ट | 1. | एल.टी. हॉबहाऊस |
| B. | प्रस्थिति एवं संविदा | 2. | एच. स्पेंसर |
| C. | युयुत्सु एवं औद्योगिक | 3. | एफ. टॉनीज़ |
| D. | नातेदारी, सत्ता एवं नागरिकता | 4. | एच. मेन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

65. आर. डहरेनडॉर्फ के तर्कानुसार उत्तर-औद्योगिक समाज किस आधार पर विभाजित हैं ?

(a) वर्ग
(b) सत्ता के प्रयोग
(c) उत्पादन के साधनों पर स्वामित्व
(d) लोकतंत्रात्मक सहभागी प्रतिरूप

66. बूर्जुआकरण क्या है ?

(a) श्रमिक वर्ग की गतिशीलता की विफलता
(b) उद्योग का स्वचालन
(c) मध्यवर्गीय पहचान का पुनर्निरूपण
(d) श्रमिक वर्ग में मध्यवर्गीय आकांक्षाओं, जीवन-शैली की रचना प्रक्रिया

67. Which among the following is ***not*** a basic element of capitalist economy ?

(a) Private ownership

(b) Profit maximisation

(c) Capital accumulation

(d) Creation of public wealth

68. For Weber, capitalism is ***not*** related to

(a) a religious commitment of self

(b) belief in Calvinist principles

(c) upper class values

(d) this-worldy asceticism

69. Lumpenproletariat is a concept within

(a) Marxist theory

(b) Weberian theory

(c) Parsonian theory

(d) Durkheimian theory

70. In the theory of Leisure Class, Veblen compared

(a) consumerism with social mobility

(b) conspicuous consumption with conspicuous leisure of the financially successful groups in society

(c) life styles of nouveau riche

(d) different ideas related to deprivation of women

71. Consider the following statements :

1. Any section of the citizens residing in the territory of India or any part thereof having a distinct language, script or culture of its own shall have the right to conserve the same.
2. No citizen shall be denied admission into any educational institution maintained by the State or receiving aid out of State funds on grounds only of religion, race, caste, language or any of them.

Which of the statements given above is/are explicitly stated in Article 29 of the Constitution of India for protection of interest of minorities ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

72. Which one of the following Indian states took the progressive initiative of first launching the Employment Guarantee Scheme ?

(a) Maharashtra

(b) Tamil Nadu

(c) Gujarat

(d) Manipur

73. Which of the following statements are correct ?

For Karl Marx, class is identified by

1. relations of subordination.
2. ruling class ideology.
3. knowledge, skill and technology.
4. profit and surplus value.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 3 and 4 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 4

67. निम्नलिखित में से कौनसा, पूँजीवादी अर्थव्यवस्था का बुनियादी तत्त्व ***नहीं*** है ?

(a) निजी स्वामित्व

(b) लाभ अधिकतमीकरण

(c) पूँजी संचयन

(d) सार्वजनिक संपत्ति की रचना

68. वेबर के अनुसार, पूँजीवाद निम्नलिखित में से किससे सम्बद्ध ***नहीं*** है ?

(a) स्व की धार्मिक प्रतिबद्धता

(b) कैल्विन के सिद्धान्तों में विश्वास

(c) उच्च वर्गीय मूल्य

(d) इहलोक का वैराग्य

69. लुम्पन सर्वहारा का सम्प्रत्यय निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त में है ?

(a) मार्क्सवादी सिद्धान्त

(b) वेबर का सिद्धान्त

(c) पारसन्स का सिद्धान्त

(d) दुर्खीम का सिद्धान्त

70. सावकाश वर्ग के सिद्धान्त में, वेब्लेन ने

(a) सामाजिक गतिशीलता के साथ उपभोक्तावाद की तुलना की

(b) समाज में वित्तीय रूप से सफल समूहों के सुस्पष्ट अवकाश के साथ प्रदर्शन उपभोग की तुलना की

(c) नवधनिकों की ज़ीवन-शैलियों की तुलना की

(d) महिलाओं के वंचन के साथ सम्बन्धित विचारों की तुलना की

71. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के राज्यक्षेत्र या उसके किसी भाग के निवासी नागरिकों के किसी विभाग को, जिसकी अपनी विशेष भाषा, लिपि या संस्कृति है, उसे बनाए रखने का अधिकार होगा ।
2. राज्य द्वारा पोषित या राज्य-निधि से अनुदान प्राप्त करने वाली किसी शिक्षण संस्था में किसी नागरिक को केवल धर्म, मूलवंश, जाति, भाषा या इनमें से किसी आधार पर प्रवेश देने से वंचित नहीं किया जाएगा ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन अल्पसंख्यक-वर्गों के हितों के संरक्षण के लिए भारत के संविधान के अनुच्छेद 29 में सुस्पष्टतः कहा/कहे गया है/गए हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

72. निम्नलिखित में से किस एक भारतीय राज्य ने रोजगार गारंटी योजना सर्वप्रथम आरंभ करने की प्रगतिशील पहल की ?

(a) महाराष्ट्र

(b) तमिल नाडु

(c) गुजरात

(d) मणिपुर

73. निम्नलिखित में से कौनसे कथन सही हैं ?

कार्ल मार्क्स के लिए, वर्ग की पहचान

1. अधीनता के सम्बन्धों से होती है ।
2. शासक वर्ग की विचारधारा से होती है ।
3. ज्ञान, कौशल और प्रौद्योगिकी से होती है ।
4. लाभ एवं अधिशेष मूल्य से होती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 4

74. Which of the following statements about the concept of rural-urban continuum is correct ?

(a) It means villages and towns are dichotomous entities.

(b) It means that villages and towns are inter-linked and yet distinct from each other.

(c) It explains the process of urbanisation.

(d) It means migration of rural people to cities and of urban people to the villages.

75. Who, among the following, has initiated a discussion on the differentiation of metropolitan space like the space of flows and the space of places ?

(a) Manuel Castells

(b) Gideon Sjoberg

(c) Amos Hawley

(d) Louis Wirth

76. Which of the following is/are ***not*** the characteristic/characteristics of industrial society ?

1. Heterogeneity

2. Mechanical solidarity

3. Mobility

4. Repressive laws

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 2 and 4

(d) 1 and 4

77. Consider the following statements about social stratification in industrial society :

1. Industrial society is unstratified.

2. Industrial society is stratified on caste basis.

3. Industrial society is stratified on the basis of class and status.

4. Industrial society hinders social mobility for the individual.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 4 only

(b) 3 only

(c) 3 and 4 only

(d) 2, 3 and 4

78. According to Talcott Parsons, which of the following would apply to industrial society ?

1. Neutrality

2. Particularism

3. Universalistic achievement

4. Collectivity

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 3 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 4 only

(d) 1, 3 and 4

79. Technological modernisation leads to

(a) increase in number of workers

(b) displacement of workers

(c) increase in child workers

(d) increase in contract workers

74. ग्रामीण-नगरीय सातत्यक के सम्प्रत्यय के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है ?

(a) इसका आशय है कि गाँव एवं नगर द्विभक्त इकाइयाँ हैं ।

(b) इसका आशय है कि गाँव एवं नगर आपस में जुड़े होने पर भी एक-दूसरे से अलग हैं ।

(c) यह नगरीकरण की प्रक्रिया की व्याख्या करता है ।

(d) इसका आशय है ग्रामीण जनों का नगरों में स्थानांतरण एवं नगरीय जनों का गाँवों में स्थानांतरण ।

75. महानगरीय अंतराल, जैसे कि प्रवाह का अंतराल एवं स्थान का अंतराल, के विभेदीकरण पर परिचर्चा का प्रादुर्भाव निम्नलिखित में से किसने किया ?

(a) मैनुअल कैसेल्स

(b) गिडियन जोबर्ग

(c) एमोस हॉले

(d) लुइस विर्थ

76. निम्नलिखित में से कौनसी औद्योगिक समाज की विशेषता/विशेषताएँ *नहीं* है/हैं ?

1. विषमांगता

2. यांत्रिक संहति

3. गतिशीलता

4. दमनकारी विधियाँ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2

(b) 1, 2 और 3

(c) 2 और 4

(d) 1 और 4

77. औद्योगिक समाज में सामाजिक स्तरीकरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. औद्योगिक समाज अस्तरीकृत होता है ।

2. औद्योगिक समाज जाति के आधार पर स्तरीकृत है ।

3. औद्योगिक समाज वर्ग एवं प्रस्थिति के आधार पर स्तरीकृत है ।

4. औद्योगिक समाज व्यक्ति की सामाजिक गतिशीलता में अवरोध पैदा करता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 4

(b) केवल 3

(c) केवल 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

78. तालकॉट पारसन्स के अनुसार, औद्योगिक समाज के लिए निम्नलिखित में से कौनसे लागू होंगे ?

1. तटस्थता

2. विशिष्टपरकता

3. सर्वपरक उपलब्धि

4. सामूहिकता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 4

(d) 1, 3 और 4

79. प्रौद्योगिक आधुनिकीकरण निम्नलिखित में से किसकी ओर ले जाता है ?

(a) श्रमिकों की संख्या में वृद्धि

(b) श्रमिकों का विस्थापन

(c) बाल श्रमिकों की वृद्धि

(d) संविदा श्रमिकों की वृद्धि

80. Consider the following statements :

Fordism as a system of production

1. is a low trust system.
2. maximizes worker alienation.
3. reduces routine work done by humans.
4. requires close supervision of tasks.

Which of the statements given above is/are the limitation(s) of Fordism ?

(a) 1, 2, 3 and 4
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 1 and 4 only
(d) 3 only

81. Which one of the following statements is correct about social forestry ?

(a) It is the form of forest management prevalent in socialist countries.
(b) It is one of the conventional methods of forest management.
(c) It is a form of forest management imposed by the State.
(d) It helps in rebuilding of forest wealth by the participation of local community.

82. According to the Census 2001, which one of the following sets of states is characterized by high female literacy ?

(a) Kerala, Mizoram, Lakshadweep
(b) Gujarat, Haryana and Karnataka
(c) Jammu & Kashmir, Arunachal Pradesh and Lakshadweep
(d) Delhi, Uttar Pradesh and Jharkhand

83. Which one of the following is the significant factor of population that determines the level of births and deaths ?

(a) Sex composition
(b) Rate of fertility
(c) Age composition
(d) Rate of mortality

84. According to the demographic transition theory, the first phase of demographic change in the pre-industrial system :

1. leads to the population growth.
2. relates to a fall in death rates.
3. is based on advances in technology.
4. leads to migration.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 2, 3 and 4
(b) 1 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 1 and 4 only

85. Which one of the following is known as the process by which cultural traits spread from one culturally distinct group to another ?

(a) Evolution
(b) Assimilation
(c) Accommodation
(d) Diffusion

86. Which one of the following statements regarding the difference between power and authority is correct ?

(a) Power is based on physical coercion, authority is not.
(b) Power lies within society, authority lies with the state.
(c) Authority is legitimate power.
(d) Only the state has power, non-political institutions exercise authority.

87. What, according to Max Weber, is the characteristic feature of bureaucracy ?

(a) It represents the will of the leader
(b) It is based on rational-legal authority
(c) It is based on inherited status
(d) It is based on moral authority

80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

उत्पादन व्यवस्था के रूप में फोर्डवाद

1. न्यून विश्वास व्यवस्था है ।
2. श्रमिकों के विसम्बन्धन को अधिकतम करता है ।
3. मानवों द्वारा किए जाने वाले नेमी कार्य को घटाता है ।
4. कृत्यों के निकट पर्यवेक्षण की अपेक्षा करता है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन फोर्डवाद की सीमा/सीमाएँ है/हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 1 और 4
(d) केवल 3

81. सामाजिक वानिकी के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है ?

(a) यह समाजवादी देशों में प्रचलित वन प्रबन्धन का एक स्वरूप है ।
(b) यह वन प्रबन्धन की परम्परागत विधियों में से एक विधि है ।
(c) यह राज्य द्वारा लागू किए गए वन प्रबन्धन का एक स्वरूप है ।
(d) यह स्थानीय समुदाय की भागीदारी के द्वारा वन सम्पदा के पुनर्निर्माण में सहायता करता है ।

82. 2001 की जनगणना के अनुसार, राज्यों का निम्नलिखित में से कौनसा एक समुच्चय उच्च महिला साक्षरता की विशेषता से युक्त है ?

(a) केरल, मिज़ोरम, लक्षद्वीप
(b) गुजरात, हरियाणा एवं कर्नाटक
(c) जम्मू-कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश एवं लक्षद्वीप
(d) दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं झारखण्ड

83. निम्नलिखित में से कौनसा एक, जनसंख्या का महत्त्वपूर्ण उपादान है, जो जन्म एवं मृत्यु के स्तर का निर्धारण करता है ?

(a) लिंग सम्मिश्रण
(b) प्रजनन दर
(c) आयु सम्मिश्रण
(d) मृत्यु दर

84. जनांकिकीय संचरण सिद्धान्त के अनुसार, पूर्व-औद्योगिक व्यवस्था में जनांकिकीय परिवर्तन का प्रथम चरण

1. जनसंख्या वृद्धि की ओर ले जाता है ।
2. मृत्यु दर के ह्रास से सम्बन्धित है ।
3. प्रौद्योगिकी की उन्नतियों पर आधारित है ।
4. प्रवसन की ओर ले जाता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 2, 3 और 4
(b) केवल 1 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 1 और 4

85. निम्नलिखित में से किस एक को उस प्रक्रिया के रूप में जानते हैं, जिसके द्वारा एक सुस्पष्ट सांस्कृतिक समूह के सांस्कृतिक विशेषक दूसरे समूह में फैलते हैं ?

(a) विकास (इवोल्यूशन)
(b) स्वांगीकरण
(c) समंजन
(d) विसरण

86. शक्ति एवं सत्ता के अंतर के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही है ?

(a) शक्ति शारीरिक बल प्रयोग पर आधारित है, सत्ता नहीं ।
(b) शक्ति समाज में निहित है, सत्ता राज्य में निहित है ।
(c) सत्ता वैध शक्ति है ।
(d) केवल राज्य के पास शक्ति है, ग़ैर-राजनीतिक संस्थाएँ सत्ता का प्रयोग करती हैं ।

87. मैक्स वेबर के अनुसार, नौकरशाही की अभिलाक्षणिक विशेषता क्या है ?

(a) यह नेता के संकल्प का प्रतिनिधित्व करती है
(b) यह तार्किक-विधिक सत्ता पर आधारित है
(c) यह वंशानुगत प्रस्थिति पर आधारित है
(d) यह नैतिक सत्ता पर आधारित है

88. In the concept of charisma, as formulated by Max Weber, charisma inheres primarily in the

(a) innate qualities of the leader's personality

(b) recognition extended to the leader by the followers

(c) qualities inherited as heir of a particular family

(d) possession of material wealth and income

89. In V. Pareto's concept of circulation of elites, composition of elites alternates cyclically between

(a) lions and sheep

(b) sheep and foxes

(c) foxes and lions

(d) bulls and bears

90. Who, among the following sociologists, has developed the 'iron law of oligarchy' ?

(a) Robert Michels in his discussion of Bureaucracy

(b) Karl Marx in his discussion of Capitalist Society

(c) Max Weber in his discussion of Authority

(d) V. Pareto in his discussion of Power

91. Which one of the following is ***not*** a characteristic feature of traditional authority ?

(a) Patrimonialism

(b) Personal loyalty

(c) Custom

(d) Consistency

92. Which one of the following is ***not*** the institutional condition of industrialization ?

(a) The institutionalization of rule of inheritance

(b) A commercial system of exchange

(c) The reliable legal principles and their judicial application

(d) A rationally-organised mechanised production system

93. Which of the following is ***not*** an agency of political socialization ?

(a) Students union elections

(b) Trade unionism

(c) Self-help groups

(d) Modern technology

94. Consider the following statements :

Marx's concept of class 'for itself' implies

1. class consciousness and realization of collective class action in pursuit of overthrowing the opponent by the working class.

2. the economic conditions and standards of life characterizing the working class.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

88. मैक्स वेबर द्वारा निरूपित चमत्कार के सम्प्रत्यय के अन्तर्गत, चमत्कार प्रमुख रूप से किसमें अन्तर्निहित है ?

(a) नेता के व्यक्तित्व की सहज विशेषताओं में

(b) अनुयायियों के द्वारा नेता को दिए गए प्रत्यभिज्ञान में

(c) किसी विशिष्ट परिवार के वारिस के नाते विरासत में प्राप्त गुणों में

(d) भौतिक सम्पत्ति एवं आय से सम्पन्नता में

89. वी. पैरेटो की अभिजन परिचलन की संकल्पना में अभिजन का संघटन किनके बीच चक्रीय रूप से बारी-बारी से होता है ?

(a) शेर एवं भेड़िये

(b) भेड़िये एवं लोमड़ियाँ

(c) लोमड़ियाँ एवं शेर

(d) सांड एवं भालू

90. 'अल्पतंत्र का लौह नियम', निम्नलिखित में से किस समाजशास्त्री ने विकसित किया है ?

(a) अपनी नौकरशाही की विवेचना में रॉबर्ट मिशेल्स ने

(b) अपनी पूँजीवादी समाज की विवेचना में कार्ल मार्क्स ने

(c) अपनी सत्ता की विवेचना में मैक्स वेबर ने

(d) अपनी शक्ति की विवेचना में वी. पैरेटो ने

91. निम्नलिखित में से कौनसी एक परम्परागत सत्ता की लाक्षणिक विशेषता ***नहीं*** है ?

(a) पैतृकवाद

(b) वैयक्तिक निष्ठा

(c) प्रथा

(d) एकरूपता

92. निम्नलिखित में से कौनसा एक, औद्योगीकरण का संस्थागत प्रतिबंध ***नहीं*** है ?

(a) विरासत के नियम का संस्थायन

(b) वाणिज्यिक विनिमय प्रणाली

(c) विश्वसनीय विधिक सिद्धान्त एवं उनकी न्यायिक प्रयोज्यता

(d) तर्कसंगत रूप से संगठित यंत्रीकृत उत्पादन प्रणाली

93. निम्नलिखित में से कौन राजनीतिक समाजीकरण का अभिकरण ***नहीं*** है ?

(a) छात्र संघ के निर्वाचन

(b) श्रमिक संघवाद

(c) स्वयं-सहायता समूह

(d) आधुनिक प्रौद्योगिकी

94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

मार्क्स की वर्ग 'अपने स्वयं के लिए' की संकल्पना का अभिप्राय है

1. श्रमजीवी वर्ग द्वारा अपने विरोधी को उखाड़ फैंकने के अनुसरण में वर्ग चेतना और सामूहिक सामाजिक क्रिया की प्राप्ति ।

2. श्रमजीवी वर्ग की विशेषता बताने वाली आर्थिक दशाएँ और जीवन स्तर ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

95. Consider the following statements :

Sociologists argue that the political modernization of caste occurs when a caste

1. dissolves itself into a class.
2. group mobilizes itself as a pressure group.
3. actively organizes on associational principles.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 3 only
(b) 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

96. When a caste group consolidates itself horizontally and asks for special policies or programmes for its development, it begins to act like a

(a) political party
(b) pressure group
(c) dominant caste
(d) "class-for-itself"

97. Consider the following statements :

1. Hierarchy and differentiation are the parts of social stratification.
2. Caste system is a closed system of social stratification.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

98. Consider the following statements :

Democratic politics has changed the social composition of the political elite from

1. cultural and status homogeneity to heterogeneity.
2. predominantly upper caste to multi-caste.
3. predominantly urban to rural and urban.
4. predominantly pan-Indian to regional and local interest oriented.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1, 2 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

99. The process of modernization in India brings about a change in the inner logic of caste. What terms did Louis Dumont use to specify this process ?

(a) From 'culture' to 'economy'
(b) From 'pollution' to 'politics'
(c) From 'structure' to 'substance'
(d) From 'religion' to 'society'

100. Who, among the following, has introduced the category 'Scheduled Castes' for the first time in India ?

(a) The British in 1935 in the Government of India Act
(b) Mahatma Gandhi in 1942 during Quit India Movement
(c) Dr. B.R. Ambedkar during the Constituent Assembly Debates
(d) The Government of India in 1950 in Article 42 of the Constitution of India

95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

समाजशास्त्री यह तर्क देते हैं कि जाति का राजनीतिक आधुनिकीकरण तब होता है, जब

1. जाति अपने आप को एक वर्ग में विलीन कर लेती है ।
2. जाति समूह अपने आप को दबाव समूह के रूप में संघटित करता है ।
3. जाति संघात्मक नियमों पर सक्रियता से संगठित होती है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

96. जब जाति समूह अपने आप को समस्तरीय रूप में समेकित करता है तथा अपने विकास के लिए विशिष्ट नीतियों अथवा कार्यक्रमों की माँग करता है, तब वह

(a) राजनीतिक दल की भाँति कार्य करने लगता है

(b) दबाव समूह की भाँति कार्य करने लगता है

(c) प्रबल जाति की भाँति कार्य करने लगता है

(d) "अपने स्वयं के लिए वर्ग" की भाँति कार्य करने लगता है

97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अधिक्रम एवं विभेदन सामाजिक स्तरीकरण के भाग हैं ।
2. जाति प्रथा सामाजिक स्तरीकरण की संवृत प्रणाली है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

98. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

लोकतांत्रिक राजनीति ने राजनीतिक अभिजन की सामाजिक रचना को

1. सांस्कृतिक एवं प्रस्थिति सजातीयता से विषमजातीयता के रूप में बदल दिया है ।
2. प्रधानतः उच्च जाति से बहु-जाति में बदल दिया है ।
3. प्रधानतः नगरीय से ग्रामीण एवं नगरीय में बदल दिया है ।
4. प्रधानतः सर्व-भारतीय से क्षेत्रीय एवं स्थानीय हितोन्मुख के रूप में बदल दिया है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2, 3 और 4

(c) केवल 1, 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

99. भारत में आधुनिकीकरण की प्रक्रिया जाति के आन्तरिक तर्क में परिवर्तन लाती है । लूई ड्यूमाँ ने इस प्रक्रिया को विनिर्दिष्ट करने के लिए किन शब्दों का प्रयोग किया ?

(a) 'संस्कृति' से 'अर्थव्यवस्था' तक

(b) 'अपवित्रता' से 'राजनीति' तक

(c) 'संरचना' से 'सार' तक

(d) 'धर्म' से 'समाज' तक

100. भारत में 'अनुसूचित जातियाँ' श्रेणी (कैटेगरी) को निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम प्रस्तुत किया ?

(a) भारत सरकार अधिनियम, के अन्तर्गत 1935 में ब्रिटिश ने

(b) भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान 1942 में महात्मा गांधी ने

(c) संविधान निर्मात्री सभा की बहसों के दौरान डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने

(d) भारत के संविधान के अनुच्छेद 42 के अन्तर्गत 1950 में भारत सरकार ने

**101.** Which of the following policies for dealing with the tribal population of India was advocated by Verrier Elvin ?

(a) Reservations in jobs and education

(b) Land reforms and cultivation rights

(c) No State intervention in tribal way of life

(d) Their complete integration into the national life

**102.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (Article of Constitution of India)* | | *List II (Provision)* |
|---|---|---|
| A. Article 14 | 1. | Prohibition of discrimination on grounds of religion, race, caste, sex or place of birth |
| B. Article 15 | 2. | Equality before law |
| C. Article 16 | 3. | Promotion of educational and economic interests of Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other Weaker Sections |
| D. Article 46 | 4. | Equality of opportunity in matters of public employment |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**103.** Kaka Kalelkar Commission was appointed by the Government of India to determine the criteria for identification of

(a) population below the poverty line

(b) socially and educationally backward classes

(c) economically backward upper castes

(d) socially and economically backward communities

**104.** Who, among the following social scientists, first used the categories of 'the little tradition' and 'the great tradition' to describe the process of change in peasant society ?

(a) Robert Redfield

(b) McKim Marriott

(c) Barrington Moore

(d) T. Shanin

**105.** Consider the following statements :

Evolutionary theories of social change suggest that societies

1. move from simple to complex.
2. experience linear progress.
3. change through a process of differentiation.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**106.** Who, among the following, argued that social evolution is an extension of biological evolution; and actual mechanisms of social evolution and biological evolution are different but both can be understood in terms of "evolutionary universals" ?

(a) Charles Darwin

(b) David Landes

(c) Herbert Spencer

(d) Talcott Parsons

**101.** वेरियर एल्विन ने भारत की जनजातीय आबादी के लिए निम्नलिखित में से किस नीति का पक्ष समर्थन किया था ?

(a) रोजगार एवं शिक्षा में आरक्षण

(b) भूमि सुधार एवं कृषि अधिकार

(c) जनजातीय जीवन-शैली में राज्य का कोई हस्तक्षेप न होना

(d) राष्ट्रीय जीवन में उनका सम्पूर्ण एकीकरण

**102.** सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (भारत के संविधान का अनुच्छेद)* | | *सूची II (उपबंध)* |
|---|---|---|
| A. अनुच्छेद 14 | 1. | धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग अथवा जन्म-स्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध |
| B. अनुच्छेद 15 | 2. | विधि के समक्ष समता |
| C. अनुच्छेद 16 | 3. | अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य कमजोर वर्गों के शैक्षणिक एवं आर्थिक हितों का संवर्धन |
| D. अनुच्छेद 46 | 4. | लोक नियोजन (पब्लिक एम्प्लॉयमेंट) के विषय में अवसर की समता |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**103.** निम्नलिखित में से किस एक के पहचान के निकष के निर्धारण हेतु भारत सरकार द्वारा काका कालेलकर आयोग का गठन किया गया था ?

(a) निर्धनता रेखा से नीचे वाले परिवारों की आबादी

(b) सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग

(c) आर्थिक रूप से पिछड़ी उच्च जातियाँ

(d) सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े समुदाय

**104.** किसान (पीजैंट) समाज में परिवर्तन की प्रक्रिया के वर्णन में निम्नलिखित में से किस समाजशास्त्री ने 'लघु परंपरा' एवं 'वृहद परंपरा' की श्रेणियों का सर्वप्रथम प्रयोग किया ?

(a) रॉबर्ट रेडफील्ड

(b) मैक्‌किम मैरियट

(c) बैरिंगटन मूर

(d) टी. शैनिन

**105.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

सामाजिक परिवर्तन के विकासवादी सिद्धान्त यह सुझाते हैं, कि

1. समाज सरल से जटिल होता जाता है ।
2. समाज की प्रगति रेखीय रूप में होती है ।
3. समाज में परिवर्तन विभेदीकरण की प्रक्रिया के द्वारा होता है ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**106.** निम्नलिखित में से किसने यह तर्क दिया कि सामाजिक विकास जैविक विकास का विस्तार है; और सामाजिक विकास और जैविक विकास की वास्तविक क्रियाविधियाँ भिन्न हैं किन्तु दोनों को "विकासक्रमिक सामान्यों" के रूप में समझा जा सकता है ?

(a) चार्ल्स डार्विन

(b) डेविड लैन्डेस

(c) हर्बर्ट स्पेंसर

(d) तालकॉट पारसन्स

107. Which of the following statements about social change according to Karl Marx is/are correct ?

Social change occurs when

1. society experiences class struggle.
2. a creative individual introduces new values and morals through his/her leadership qualities.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

108. According to M.N. Srinivas, what are the three levels of Westernization in India ?

(a) Simple, complex and multiple
(b) Primary, secondary and tertiary
(c) High, medium and low
(d) Individual, community and nation

109. Which one of the following is ***not*** correctly matched ?

| | *Author* | | *Book* |
|---|---|---|---|
| (a) | Max Weber | : | *The Protestant Ethic and the Spirit of Capitalism* |
| (b) | Robert Redfield | : | *Tepoztlan, A Mexican Village : A Study of Folk Life* |
| (c) | Daniel Bell | : | *The Cultural Contradictions of Capitalism* |
| (d) | Erving Goffman | : | *The Mind and Society* |

110. False consciousness according to Marx is the

(a) process by which the proletariat understands its position in history
(b) difference between the proletariat's conception of itself and its real interests
(c) difference between the bourgeois and the proletarian conceptions of society
(d) idea that a belief held in common by a class is necessarily true

111. Who has applied 'pattern variables' to differentiate between developed and developing societies ?

(a) K. Davis
(b) B. Hoselitz
(c) W.E. Moore
(d) T. Parsons

112. The Nehruvian model of development focuses on

(a) science and technology to promote development
(b) small and cottage based industries
(c) agriculture and alternative sources of power
(d) khadi and village industries

113. Consider the following statements :

For Mahatma Gandhi, women's involvement in the nationalist movement meant that they

1. sit at home and spin khadi.
2. participate in bonfires that burned foreign clothes.
3. fill-up prisons and thus protest against the British.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 only
(d) 1, 2 and 3

114. The backward classes movements in South India during the early twentieth century were

(a) directed against the colonial rulers
(b) directed against Brahmins and other upper castes
(c) movements for reservation in employment
(d) movements for land reforms and land re-distribution

107. कार्ल मार्क्स के अनुसार सामाजिक परिवर्तन के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

सामाजिक परिवर्तन होता है, जब

1. समाज वर्ग संघर्ष का अनुभव करता है ।
2. कोई सर्जनात्मक व्यक्ति अपने नेतृत्व के गुणों के आधार पर नए मूल्यों एवं नैतिकताओं को लाता/लाती है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

108. एम.एन. श्रीनिवास के अनुसार भारत में पश्चिमीकरण के त्रि-स्तर निम्नलिखित में से कौन से हैं ?

(a) सरल, जटिल एवं बहुल
(b) प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक
(c) उच्च, मध्यम एवं निम्न
(d) व्यक्ति, समुदाय एवं राष्ट्र

109. निम्नलिखित में से कौनसा एक सही सुमेलित *नहीं* है ?

| | *लेखक* | | *पुस्तक* |
|---|---|---|---|
| (a) | मैक्स वेबर | : | *दि प्रोटेस्टेंट एथिक एण्ड दि स्पिरिट ऑफ कैपिटलिज़्म* |
| (b) | रॉबर्ट रेडफील्ड | : | *टेपोजलान, ए मैक्सिकन विलेज : ए स्टडी ऑफ फोक लाइफ* |
| (c) | डैनियल बेल | : | *दि कल्चरल कंट्राडिक्शन्स ऑफ कैपिटलिज़्म* |
| (d) | इरविंग गॉफमैन | : | *दि माइंड एण्ड सोसायटी* |

110. मार्क्स के अनुसार मिथ्या चेतना निम्नलिखित में से क्या है ?

(a) वह प्रक्रिया जिसके द्वारा सर्वहारा इतिहास में अपनी स्थिति का बोध करता है
(b) सर्वहारा की अपनी स्वयं की एवं अपने वास्तविक हितों की संकल्पना में अन्तर
(c) समाज की बूर्जुआ एवं सर्वहारा संकल्पनाओं के बीच अन्तर
(d) यह विचार कि किसी वर्ग द्वारा धारित कोई सामान्य विश्वास अनिवार्यतः सही है

111. विकसित एवं विकासशील समाजों में अन्तर स्थापित करने के लिए 'प्रतिमान चरों' का प्रयोग किसने किया है ?

(a) के. डेविस
(b) बी. होसलिट्ज़
(c) डब्ल्यू.ई. मूर
(d) टी. पारसन्स

112. विकास का नेहरूवादी प्रतिरूप किस पर केन्द्रित करता है ?

(a) विकास के संवर्धन हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
(b) लघु एवं कुटीर आधारित उद्योग
(c) कृषि एवं विद्युत् के वैकल्पिक स्रोत
(d) खादी एवं ग्राम उद्योग

113. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

महात्मा गाँधी के लिए, स्त्रियों का राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल होने का अर्थ था, कि वे

1. घर में बैठें एवं खादी कातें ।
2. विदेशी वस्त्रों की होली जलाने में सहभागी हों ।
3. जेल भरें और इस तरह ब्रिटिश के विरुद्ध विरोध करें ।

उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1
(d) 1, 2 और 3

114. प्रारम्भिक बीसवीं शताब्दी में दक्षिण भारत में पिछड़े वर्गों के आन्दोलन

(a) औपनिवेशिक शासकों के विरुद्ध निदेशित थे
(b) ब्राह्मणों एवं अन्य उच्च जातियों के विरुद्ध निदेशित थे
(c) रोजगारों में आरक्षण के लिए आंदोलन थे
(d) भूमि सुधारों एवं भूमि पुनर्वितरण के लिए आन्दोलन थे

***Directions :*** *The following six (6) items consist of two statements, one labelled as the 'Assertion (A)' and the other as 'Reason (R)'. You are to examine these two statements carefully and select the answers to these items using the codes given below :*

**Codes :**

(a) Both A and R are individually true and R is the correct explanation of A

(b) Both A and R are individually true but R is ***not*** the correct explanation of A

(c) A is true but R is false

(d) A is false but R is true

**115.** *Assertion (A) :* Sanskritization is a process of upward mobility of castes.

*Reason (R) :* Lower castes perceive upward movement of their members through imitation of higher caste rituals.

**116.** *Assertion (A) :* In the opinion of Irawati Karve, caste is an extended kin-group.

*Reason (R) :* Members of the same caste believe that they have descended from a common ancestor.

**117.** *Assertion (A) :* Emphasis on conjugal ties is supposed to weaken the stability of the joint family.

*Reason (R) :* The father-son relationship and the relationship between brothers are more crucial for the joint family system than the conjugal relationship.

**118.** *Assertion (A) :* Monogamy is the most common form of marriage in the contemporary society.

*Reason (R) :* Status of women is likely to enhance in a monogamous union.

**119.** *Assertion (A) :* Norms and values are fundamental bases of societal make-up.

*Reason (R) :* Only religious institutions teach norms and values.

**120.** *Assertion (A) :* The modernization process has challenged the hold of caste system in India.

*Reason (R) :* Mobility as a phenomenon of change in caste system does not challenge the basic structure of caste.

*निर्देश : आगामी छः (6) प्रश्नांशों में दो वक्तव्य हैं । एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है । इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इन प्रश्नांशों का उत्तर नीचे दिए हुए कूट की सहायता से चुनिए :*

कूट :

(a) A और R दोनों सही हैं, और R, A का सही स्पष्टीकरण है

(b) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही स्पष्टीकरण ***नहीं*** है

(c) A सही है, परन्तु R ग़लत है

(d) A ग़लत है, परन्तु R सही है

**115.** *कथन (A) :* संस्कृतिकरण जातियों की ऊर्ध्वमुखी गतिशीलता की प्रक्रिया है ।

*कारण (R) :* निम्न जातियाँ उच्च जातियों के अनुष्ठानों का अनुकरण करते हुए अपने सदस्यों की ऊर्ध्वमुखी गति का अनुभव करती हैं ।

**116.** *कथन (A) :* इरावती कर्वे के विचार में जाति एक विस्तृत नातेदारी समूह है ।

*कारण (R) :* एक ही जाति के सदस्यों का विश्वास है कि वे सह पूर्वज के वंशज हैं ।

**117.** *कथन (A) :* दाम्पत्य बंधन पर बल देने से संयुक्त परिवार के स्थायित्व को कमजोर करना अनुमित है ।

*कारण (R) :* दाम्पत्य सम्बन्ध की तुलना में संयुक्त परिवार के लिए पिता-पुत्र सम्बन्ध एवं भाइयों के बीच सम्बन्ध अधिक निर्णायक हैं ।

**118.** *कथन (A) :* समसामयिक समाज में एकविवाह प्रथा सर्वाधिक प्रचलित सार्व रूप है ।

*कारण (R) :* एकविवाही विवाह में महिलाओं की प्रस्थिति में बढ़ोतरी होने की सम्भावना रहती है ।

**119.** *कथन (A) :* प्रतिमान एवं मूल्य समाज के निर्माण के मूल आधार हैं ।

*कारण (R) :* केवल धार्मिक संस्थाएँ प्रतिमान एवं मूल्य सिखाती हैं ।

**120.** *कथन (A) :* आधुनिकीकरण की प्रक्रिया ने भारत में जाति व्यवस्था की पकड़ को चुनौती दी है ।

*कारण (R) :* गतिशीलता, जाति व्यवस्था में परिवर्तन की एक घटना के रूप में, जाति की मूल संरचना को चुनौती नहीं देती ।

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

टी.बी.सी. : **P-DTQ-J-TPD**

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## समाजशास्त्र

*समय : दो घण्टे* *पूर्णांक : 300*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **उत्तर-पत्रक में सही स्थान पर परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D यथास्थिति स्पष्ट रूप से कूटबद्ध कीजिए ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** English version of the instructions is printed on the front cover of this Booklet.